**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

## जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर बदलावों को अगली पीढ़ी के सुधार बताया है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती व आम लोगों को राहत मिलेगी। कल शाम राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने आज से लागू हो रहे जीएसटी सुधारों को बचत उत्सव का नाम दिया। उन्होंने कहा कि कर दरों में कटौती से दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती होंगी और उपभोग आधारित वृद्धि की गति तेज़ होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। **एक**

---

## वैष्णव–जीएसटी

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में कर की दर कम करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। इससे प्रत्येक परिवार को पैसे बचाने में मदद मिलेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में स्वदेश निर्मित उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

---

## ई–केवाईसी

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के तहत प्रदेश के सभी 8 लाख 31 हजार 7 सौ 17 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की ई–केवाईसी, ई–कल्याण मोबाइल ऐप के माध्यम से करवाने के लिए विशेष सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिला, तहसील, पंचायत व स्थानीय आंगनवाड़ी स्तर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से चलाया जा रहा है। इसमें सभी पेंशनरों के आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर पूर्ण स्थाई पते सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नवीनतम जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सत्यापित किये जा रहे हैं। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में अधिकतर पेंशनरों का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है।

---